झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473893

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰ / 09 / 24 – ,राँची / दिनांकः / 11 / 2024

राज्य के मान्यता प्राप्त बी0एड0 / एम0एड0 / बी0पी0एड0 / एम0पी0एड0 पाठ्यक्रमों (B.Ed./M.Ed/B.P.Ed./M.P.Ed. Course) के महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024–26 में चतुर्थ (अंतिम) चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार के बाद रिक्त रह गये सीटों पर नामांकन से संबंधित आवश्यक सूचना

उच्च शिक्षा निदेशालय, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, राँची के पत्रांक 1738 दिनांक–04.11.2024 से प्राप्त निर्देश के आलोक में शैक्षणिक सत्र 2024–26 के राज्य मेधा–सूची में से जिन अभ्यर्थियों ने नामांकन करा लिया है,को छोड़कर नामांकन हेतु शेष ईच्छुक अभ्यर्थियों एवं राज्य के मान्यता प्राप्त संबंधित बी0एड0 / एम0एड0 / बी0पी0एड0 / एम0पी0एड0 संस्थानों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि :–

1. नामांकन के ईच्छुक अभ्यर्थी दिनांक–11.11.2024 से दिनांक–17.11.2024 तक अपनी ईच्छानुसार संबंधित बी0एड0 / एम0एड0 / बी0पी0एड0 / एम0पी0एड0 महाविद्यालय में नामांकन हेतु CML Rank के साथ आवेदन संबंधित बी0एड0 / एम0एड0 / बी0पी0एड0 / एम0पी0एड0 महाविद्यालय में समर्पित करें।

2. दिनांक–17.11.2024 तक प्राप्त ऐसे आवेदनों के आधार पर बी0एड0 / एम0एड0 / बी0पी0एड0 / एम0पी0एड0 महाविद्यालय मेरिट लिस्ट के अनुसार कोटिवार रिक्ति / रिक्तियों के विरूद्ध नामांकन सूची निर्गत कर दिनांक–23.11.2024 तक नामांकन लेना सुनिश्चित करेंगे।

3. उपरोक्त प्रक्रिया से नामांकन के बाद भी यदि किसी अभ्यर्थी का नामांकन अपने ईच्छानुसार संस्थान में नहीं हो पाता है तथा किसी अन्य महाविद्यालय में सीटें रिक्त हैं, तो वह किसी अन्य महाविद्यालय में दिनांक–30.11.2024 तक नामांकन करा सकते हैं। इसके लिये CML Ranking का अनुसरण आवश्यक नहीं होगा।

4. नामांकन में आरक्षण संबंधी कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निर्गत अद्यतन, संकल्प लागू होगा।

5. नामांकन प्रक्रिया के समय पारदर्शिता हेतु संबंधित विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि सम्मिलित रहेंगे।

6. किसी स्तर पर गड़बड़ी पाये जाने पर विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि एवं संबंधित बी0एड0 / एम0एड0 / बी0पी0एड0 / एम0पी0एड0 महाविद्यालय के प्राचार्य / प्राचार्या दोषी माने जायेंगे।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

(रंजीता हेम्ब्रम, झा.प्र.से.)
उप परीक्षा नियंत्रक

ज्ञापांक : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰ / 09 / 24– राँची / दिनांकः / 11 / 2024

प्रतिलिपिः– **निदेशक,** सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, राँची को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि दिनांक– 07 / 11 / 2024, दिनांक – 08 / 11 / 2024 एवं दिनांक– 09 / 11 / 2024 को उक्त विज्ञापन को झारखण्ड राज्य में प्रकाशित होने वाले प्रभात खबर, दैनिक भास्कर (हिन्दी) एवं हिन्दुस्तान टाईम्स (अंग्रेजी) के सभी संस्करणों में प्रकाशित कराने की कृपा की जाय।

ह0 / –
उप परीक्षा नियंत्रक

ज्ञापांक : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰ / 09 / 24– राँची / दिनांकः / 11 / 2024

प्रतिलिपि : सभी मान्यता प्राप्त बी0एड0 / एम0एड0 / बी0पी0एड0 / एम0पी0एड0 महाविद्यालयों के प्राचार्य को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। राज्य मेधा–सूची में नामांकन नहीं लेने वाले अभ्यर्थियों की सूची पर्षद के वेबसाईट https://jceceb.jharkhand.gov.in/ पर उपलब्ध है।

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, राँची के पत्रांक 1738 दिनांक–04.11.2024 संलग्न करते हुए सभी प्राचार्यों को निदेश दिया जाता है कि पत्र संख्या पत्रांक 1738 दिनांक–04.11.2024 में वर्णित सभी दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए नामांकन की प्रक्रिया पूरी करना सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक चरणों से नामांकित अभ्यर्थियों की सूची पर्षद को क्रमशः दिनांक – 25 / 11 / 2024 एवं 02.12.2024 को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

ह0 / –
उप परीक्षा नियंत्रक

ज्ञापांक : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰ / 09 / 24– राँची / दिनांकः / 11 / 2024

प्रतिलिपि : सभी मान्यता प्राप्त बी0एड0 / एम0एड0 / बी0पी0एड0 / एम0पी0एड0 महाविद्यालयों से संबंधित विश्वविद्यालयों के निबंधकों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निदेशक (उच्च शिक्षा), उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, राँची का पत्रांक–1738 दिनांक–04.11.2024 की छाया–प्रति साथ में अनुपालनार्थ संलग्न।

ह0 / –
उप परीक्षा नियंत्रक

ज्ञापांक : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰ / 09 / 24– राँची / दिनांकः / 11 / 2024

प्रतिलिपिः– **निदेशक** (उच्च शिक्षा), उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, राँची को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि नामांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता हेतु सभी विश्वविद्यालयों को प्रतिनिधि प्रतिनियुक्त करने के लिये भवदीय स्तर से निदेशित करना चाहेंगे।

ह0 / –
उप परीक्षा नियंत्रक

ज्ञापांक : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰ / 09 / 24– राँची / दिनांकः / 11 / 2024

प्रतिलिपिः– **प्रधान सचिव**, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

उप परीक्षा नियंत्रक